SUNDAY | 04.09.2022 | विक्रम संवत 2079

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

बरेली

• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGE NO : 08 MIDDLE

बीसीए सचिव इलेवन ने जीती ब्रिक्स क्रिकेट ट्रॉफी

ब्रिक्स क्रिकेट ट्रॉफी में विजेता बीसीए की टीम। *संवाद*

बरेली। एसआरएमएस ग्राउंड पर शनिवार को अंडर- 19 ब्रिक्स क्रिकेट ट्रॉफी में बीसीए सचिव इलेवन ने बीसीएस की टीम को पांच विकेट से हराया।

ब्रिक्स ग्रुप और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित 20 ओवरों के मैच में टॉस जीतकर बीसीए ने बीसीएस की टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। बीसीएस की टीम आठ विकेट खोकर 103 रन ही बना पाई। बीसीए सचिव की टीम ने जवाबी पारी में आखिरी ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर पांच विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार मोहित और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब दक्ष को दिया गया। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष सरफराज वली खां ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सीताराम सक्सेना ने विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। संवाद